**खबर संक्षेप**

### दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** महिला थाना पुलिस की टीम ने नशीला पदार्थ पिलाकर लड़की से दुष्कर्म करने करने वाले आरोपी युवक राजन बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। महिला थाना प्रबंधक शीलावंती ने बताया कि थाना शहर जगाधरी क्षेत्र के रहने वाली एक लड़की ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसके भाई के खिलाफ उसकी पत्नी ने केस दर्ज करवा रखा है।

### किशोरी से किया दुष्कर्म पीड़िता दो माह की गर्भवती

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे पीड़िता दो माह की गर्भवती हो गई। परिजनों को जब इस बारे पता चला तो उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। जिसके बाद वह अपनी 15 वर्षीय लड़की व अन्य परिवार के सदस्यों के साथ किराये के मकान में रहती है। कॉलोनी के ही अमन ने बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया।

बुजुर्ग व बच्चे घरों में दुबकने को मजबूर, जिले के तापमान में भी गिरावट

# धुंध व शीतलहर के प्रकोप से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने से मौसम में ठंड बढ़ी रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होने और घनी धुंध पड़ने के साथ शीतलहर चलने और दिन भर धुंध के बादल छाए लगने से जिले में शुक्रवार को तीसरे दिन लोगों के कामधंधे प्रभावित हुए।

वहीं, बुजुर्ग व बच्चे घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। घना कोहरा पड़ने की वजह से जिले में सुबह दस बजे तक जहां वाहनों की गति पर भी ब्रेक लगा रहा। वहीं, दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने से मौसम में ठंड बढ़ी रही। जिसकी वजह से जिले के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

शुक्रवार तड़के चार बजे से ही जिले में खासकर रादौर व जठलाना इलाके में घना कोहरा छा गया और सुबह दस बजे तक वाहन सड़कों पर रेंगते हुए नजर आए। आलम यह रहा कि दिन आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुई। हालांकि सुबह नौ बजे के बाद घना कोहरा कुछ छंटने लगा और इसके बाद लोगों ने घरों से बाहर निकलकर अपने काम धंधे निपटाए। हालांकि कुछ लोग सुबह के वक्त किसी तरह हिम्मत जुटाकर अपने गंतव्य पर पहुंचे। मगर उन्हें इस दौरान घना कोहरा छाया रहने के दौरान सड़कों पर चलना मुश्किल हुआ और वह काफी देरी से अपने काम धंधो पर पहुंचे।



**यमुनानगर।** शुक्रवार को घना कोहरा पड़ने से सड़कों पर लाइटें जलाकर अपने गंतव्य पर जाते हुए वाहन। फोटो : हरिभूमि

**निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग**

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ति होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप ने छोटे बच्चों के खान पान में ऐहतियात बरतने व उन्हें उबला हुआ पानी पीने को देने की सलाह दी। उधर, ठंड बढ़ने से पशु भी बीमार होने लगे हैं। जिन्हें गर्म कपड़ों से ढ़ककर ठंड से राहत दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

**तापमान में आई गिरावट**

मौसम में ठंड बढ़ने से शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रह गया। मौसम विशेषज्ञों की माने तो अगले कुछ दिन तक तापमान में उतार चढ़ाव जारी रहने की उम्मीद है।

## सर्दी के मौसम में रोगों से बचने के लिए खानपान पर रखें ध्यानः डॉ. निर्मल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सर्दी के मौसम में बीमारियों से बचने के लिए लोगों को खासकर बुजुर्ग व बच्चों के खानपान पर ध्यान रखना बेहद जरुरी है। क्योंकि सर्दी के मौसम में अक्सर बच्चे जहां खांसी, जुखाम, निमोनिया व बुखार आदि बीमारियों से पीड़ति हो जाते हैं। वहीं, बुजुर्गों व सांस के रोगियों को सांस लेने में तकलीफ हो जाती है। उक्त शब्द शहर के अस्थमा रोग विशेषज्ञ एवं निर्मल अस्पताल के संचालक डॉ. निर्मल सिंह ने शुक्रवार को अस्पताल में सिपला कंपनी के सहयोग से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान मरीजों की जांच करते हुए कहे। इस दौरान शिविर में चकित्सकों ने 170 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। मौके पर मरीजों को बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। अधिकांश मरीज अस्थमा, सांस व हृदय रोगों से पीड़ति पाए गए। इस अवसर पर छोटे बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई।



**यमुनानगर।** कैंप स्थित अस्पताल में आयोजित नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

**सर्दी के मौसम में बढ़ रही सांस की समस्याएं**

शिविर में सिपला कंपनी के प्रतिनिधि दीपक कुमार भाटिया ने बताया कि दमा और सांस की अन्य समस्याएं शहरों में बढ़ रही हैं। ऐसे में लोगों को नियमित स्वास्थ्य की जांच करवाए जाने की आवश्यकता है। दीपक कुमार भाटिया ने कहा कि सांस की बीमारियों को नजर अंदाज करना खतरनाक हो सकता है। समय पर उपचार से इन बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। शिविर के आयोजन के सफल संचालन के लिए अस्पताल प्रशासन ने सिपला कंपनी का धन्यवाद व्यक्त किया।

**स्वास्थ्य के प्रति जागरुक होना जरुरी**

अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि शिविर का मुख्य उदेश्य लोगों को भाग दौड़ भरी जिंदगी में अपने शरीर को कैसे स्वस्थ रखना है और बीमारियों से बचाव कैसे हो के बारे में बताना रहा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोग बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक नहीं हैं और लापरवाही बरतने से अस्वस्थ हो रहे हैं। उन्होंने सर्दी के मौसम में खानपान में ऐहतियात बरतने के लिए लोगों को आहवान किया।

## नगर निगम की जमीनों से हटाए जाएंगे अवैध कब्जेः प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की जमीनों से अवैध कब्जे हटाने को लेकर निगम कार्यालय में निगम अधिकारियों व पटवारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की। उन्होंने अधिकारियों और पटवारियों से निगम की जमीनों की जानकारी ली।

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन्होंने निगम की जमीनों पर अवैध कब्जे किए हैं। उन्हें नोटिस देकर जमीनों को कब्जा मुक्त कराएं। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि नगर निगम की जमीनों पर जहां भी कब्जा है उसे कब्जा मुक्त करवाकर तारबंदी करें। ताकि दोबारा कहीं भी अवैध कब्जा न हो। नगर निगम की जमीन से अवैध कब्जे हटने पर आमदनी बढ़ेगी।

अवैध कब्जे हटवाकर जमीन को पट्टे पर या किसी अन्य परियोजना के लिए प्रयोग किया जा सकता है। बताया गया है कि निगम एरिया के 45 गांवों में 1307 एकड़ तीन कनाल व 15 मरले जमीन है। इन गांवों में निशानदेही का कार्य किया गया है। जिनमें कई स्थानों पर निगम की जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ पाया गया है। इस अवसर पर निगम अभियंता मृणाल जायसवाल, मुनेश्वर भारद्वाज, पटवारी कुलदीप, जितेंद्र व अस्मत आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

## शादी का झांसा देकर शारीरिक व मानसिक यातना देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की एक युवती ने अपने प्रेमी और उसके परिजनों पर शादी का झांसा देकर शारीरिक और मानसिक यातना देने, कैद करके रखने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीन आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की एक कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी दोस्ती जम्मू कॉलोनी निवासी भवनीत सिंह के साथ हुई थी। वह फिलहाल अमेरिका में रहता है। आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया। उसे घर में कैद करके रखा। पीड़िता ने बताया कि भवनीत ने उसे चंडीगढ़ में अपने भाई हरकीरत सिंह तथा भाभी अदिति कंबोज के घर ले जाकर मारपीट की तथा जान से मारने की कोशिश की। जब वह भवनीत के घर जम्मू कॉलोनी लौटी, तो उसकी मां बलविंदर कौर ने उसके साथ गलत व्यवहार किया।

**क्या कहते हैं जांच अधिकारी**

मामले की जांच कर रही पुलिस सब इंस्पेक्टर मीना रानी ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद संदेहास्पद हालात पाए जाने पर मुकदमा दर्ज किया गया। स्पेशल रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक यमुनानगर और इलाका मजिस्ट्रेट को भेजी गई है। मामले की तफ्तीश जारी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर अधिकारी शीघ्रता से करें कार्यः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा जिले के विकास कार्यों के लिए की गई घोषणाओं को लेकर लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने बैठक के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि सीएम अनाऊंसमेंट को प्राथमिकता से लें और निर्धारित समय अवधि में कार्य को मूर्त रुप प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिले के लिए जो भी घोषणाएं की हैं उन पर शीघ्र काम शुरू किया जाए। उन्होंने नगर निगम कार्यालय के डीपीआर एवं टेंडर, लोहगढ़ ट्रस्ट के निर्माण कार्य, लघु सचिवालय रादौर, लिंक रोड़ से संबंधित कार्यों, आर्ट मार्शल केन्द्र, फरकपुर में सरकारी स्कूल बनाने, कलानौर में हैल्थ सैंटर बनाने, छठ पूजा घाट के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने व तेजली मल्टीपल स्पोर्ट कॉम्पलेक्स आदि के कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

मौके पर नगर निगम के आयुक्त महाबीर प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र कुमार, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता अनिल कुमार, डीएसओ शिल्पा गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

### कूड़ा-कर्कट डालने गई महिला लापता, केस दज

**रादौर।** पश्चिमी यमुना नहर के किनारे कूडा कर्कट डालने गई महिला लापता हो गई। महिला की चप्पल नहर किनारे पड़ी मिली। जिससे उसकी नहर में डूबने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता के नहर में शव की तलाश शुरू कर दी।

रादौर की ओढ़ कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय सत्या देवी वीरवार को घर की सफाई के बाद नहर किनारे कूडा डालने के लिए गई थी। मगर इसके बाद घर वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। परिजन जब उसे ढूंढते हुए नहर किनारे पहुंचे तो उन्होंने सत्या देवी के चप्पल नहर किनारे पड़े मिले। परिजनों ने सत्या देवी की नहर में डूबने की आशंका जताई और पुलिस को सूचित किया।

## शहीद उद्यम सिंह जयंती के उपलक्ष्य में कांबोज सभा 26 को लगाएगी रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

हरियाणा कांबोज सभा द्वारा 26 दिसंबर को लगने वाले रक्तदान शिविर को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक कांबोज धर्मशाला रादौर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के जिला प्रधान लक्ष्मीचंद लक्सीबांस व धर्मशाला प्रधान वेदप्रकाश कांबोज ने की। प्रधान लक्ष्मीचंद ने बताया कि कांबोज सभा शहीद उद्यम सिंह कांबोज की 126 वीं जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति डॉ बलदेव राज मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ राष्टीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक सुरेन्द्र कुमार वशिष्ठ अतिथि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि यह रक्तदान शिविर 26 दिसंबर को सुबह 9 बजे हवन यज्ञ में आहुति डालकर शुरू किया जाएगा। शिविर में समाज के मेधावी बच्चों को मुख्यअतिथि द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। प्रधान ने बताया कि सभा के सदस्य द्वारा गांव गांव जाकर ग्रामीणों को शिविर में पहुंचने का न्यौता दिया जा रहा है। इस अवसर पर जगमाल, सतबीर अलाहर, सुभाष जयपुर, प्रदीप , शिव कुमार आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। कस्बा रादौर में कांबोज धर्मशाला में आयोजित बैठक में भाग लेते समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

## ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने स्कॉलरशिप परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने स्कॉलरशिप परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। प्रधानाचार्य ने बताया कि यह स्कॉलरशिप 3 सी चैतन्य करियर कंसल्टेंट इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित की गई थी।

उन्होंने बताया कि अर्णव कांबोज, हेमन, लाव्यांश व दिग्विजय ने इस परीक्षा में शानदान प्रदर्शन किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सिंगला ने बताया कि लिसनिंग स्किल्स, अनसीन कॉमप्रिहेंशन पैसेज, रीजनिंग, क्रिटिकल थिंकिंग, ग्रामर, वर्ड वोकैबुलरी जैसे विभिन्न चरणों पर आधारित परीक्षा में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने ज्ञान व आत्मविश्वास का परिचय दिया, बल्कि अपने माता-पिता व विद्यालय को गौरवान्वित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की परीक्षाओं में भाग लेने से छात्रों का मनोबल बढ़ता है व छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है।




**यमुनानगर।** कस्बा रादौर के ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

**आरोप** एसआईआर पर कांग्रेस तथ्यहीन व भ्रामक आरोप लगाकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रही

# दुनिया में भारत के लोकतंत्र की छवि को खराब कर रहा है विपक्षः राणा

- हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने की विपक्ष के एसआईआर पर सवाल उठाए जाने की कड़ी निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि कांग्रेस की घुसपैठियों और फर्जी मतदाताओं को बचाने की राजनीति अब चलने वाली नहीं है। एसआईआर पर कांग्रेस तथ्यहीन व भ्रामक आरोप लगाकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी के इन कुप्रयास को जनता कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उक्त बात कही। मौके पर जिला अध्यक्ष राजेश सपरा भी मौजूद रहे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण जरूरी है। मृत, डुप्लीकेट या फर्जी नाम हटाने की यह प्रक्रिया चुनाव आयोग द्वारा पारदर्शी रूप से की जा रही है। एसआईआर पर सवाल उठाकर विपक्ष दुनिया में भारत के लोकतंत्र की छवि खराब कर रहा है। कृषि मंत्री शने बताया कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पहले ईवीएम को दोष देते थे। जब इस मुद्दे की हवा निकल गई तो राहुल गांधी वोट चोरी का एजेंडा लेकर आ गए। कांग्रेस वो पार्टी है जिसने बार बार संविधान का दुरुपयोग किया है। यह वही लोग हैं जिन्होंने देश पर आपातकाल थोपा। संविधान और चुनाव आयोग का दुरुपयोग करने वाली भी कांग्रेस पार्टी है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि कांग्रेस के नेता अनर्गल आरोप लगाकर लोकतंत्र की छवि को खराब कर रहे हैं।



**यमुनानगर।** जिला भाजपा कार्यालय में पहुंचने पर कृषि मंत्री राणा का स्वागत करते हुए।

**कांग्रेस सरकार में हुआ कई बार एसआईआर**

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि जिस एसआईआर पर कांग्रेस के नेता छाती पीट रहे हैं उसकी शुरूआत कांग्रेस सरकार के दौरान 1952 में हुई थी। तब पंडित जवाहर लाल नेहरू देश के प्रधानमंत्री थे। दूसरा एसआईआर 1957 में हुआ तब भी जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री थे। तीसरा एसआईआर 1961 में हुआ उसमें भी जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री थे और वो भी कांग्रेस पार्टी से थे।

**कांग्रेसियों में घुसपैठियों को बचाने के लिए हाहाकार**

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि वर्ष 1965, 1966 में भी एसआईआर हुआ। उस वक्त भी कांग्रेस की सरकार थी। फिर 1983 और 1984 में भी एसआईआर हुआ। इसके बाद 1992, 1993, 1995 में भी एसआईआर हुआ तब भी कांग्रेस की सरकार थी और नरसिम्हा राव पीएम थे। इसके बाद 2002 और 2003 में भी एसआईआर हुआ जो 2004 में पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि 2004 के बाद अब सीधा 2025 में गहन पुनरीक्षण हो रहा है और इस पर कांग्रेस के नेताओं में घुसपैठियों को बचाने के लिए हाहाकार मचा हुआ है। भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने बताया कि इंडी गठबंधन और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर से कुछ दलों के राजनीतिक स्वार्थ आहत हो रहे हैं।



**यमुनानगर।** कस्बा रादौर की मेधावी परनीत व नैंसी का फाइल फोटो।

### जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल कर किया टॉप

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के बीसीए विभाग के छात्रों ने चौथे सेमेस्टर में शानदार प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में छात्रा परनीत व नेंसी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर टॉप किया है। वहीं कल्पना, हरमन व कोमल ने परक्षाओं में पांचवा स्थान हासिल किया है। संस्थान के निदेशक डा. एसके गर्ग ने बताया कि छात्रों की इस उपलब्धि का श्रेय उनकी मेहनत ओर लगन को जाता है। छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल कर संस्थान के साथ साथ जिले का नाम भी रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि ने संस्थान को गौरवान्वित किया है। बीसीए विभाग के अध्यक्ष डा. नवदीप कुमार चोपड़ा ने कहा कि विभाग हमेशा छात्रों के सर्वगुनिया विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे ही श्रेष्ठ परिणाम की अपेक्षा है।

## खबर संक्षेप



कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर में स्नान करते श्रद्धालु।

### पौष अमावस्या पर भक्तों ने किया स्नान

**कुरुक्षेत्र।** पौष अमावस्या पर ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया और पिंडदान कर तर्पण किया। शुक्रवार को अल सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया, जो दोपहर तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। साथ ही सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। अमवस्या पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने यहां खरीददारी भी की। ब्रह्मसरोवर के बाहर जगह-जगह लोगों ने सामान बेचने के लिए फड़ें लगाई हुई थी, जिस पर बच्चों तथा महिलाओं ने खरीददारी की।

### सर्दी में जरुरतमंद छात्रों को बांटी जर्सियां

**थानेसर।** जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए जगह जगह स्कूलों में जाकर गरीब एवं असहाय छात्रों को तथा वृद्धों को जर्सियां एवं गर्म कम्बल बांटने में जुटी हुई है। इसी संदर्भ में संस्था के पदाधिकारी जर्सियां बांटने के लिए गांव झिंवरहेडी पहुंचे। राजकीय माध्यमिक विद्यालय झिंवरहेडी के मुख्याध्यापक मनजीत पुनिया ने संस्था के सभी माननीय सदस्यों का गरम जोशी के साथ स्वागत किया। संस्था के प्रधान दलबीर मलिक, महासचिव सरदार बलदेव सिंह सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा, संरक्षक देशराज भटनागर ,सलाहकार राजकुमार वालिया, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह जोगना खेड़ा आदि रहे।

### स्वदेशी से बनेगा समृद्ध भारत : अजय जांगड़ा

**कुरुक्षेत्र।** आईटीआई उमरी में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत एक विचार संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमं मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट अजय जांगड़ा ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक दृष्टि है—एक ऐसा भारत जहाँ हम अपने संसाधनों, अपनी प्रतिभा और अपनी तकनीक पर गर्व करते हुए आगे बढ़ते हैं। इसका अर्थ है कि हम सिर्फ उपभोक्ता न बनें, बल्कि सृजनकर्ता बनें; सिर्फ नौकरी ढूँढने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। आज भारत विश्व का सबसे युवा देश है। आपके पास ऊर्जा है, नए विचार हैं और बदलाव लाने की शक्ति है।

### श्रमदान कर स्कूल फर्नीचर की रिपेयरिंग

**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक संस्था फेविकोल चैंपियन क्लब कुरुक्षेत्र द्वारा शुक्रवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर में श्रमदान दिवस आयोजित किया गया। फेविकोल चैंपियन क्लब के प्रधान बृजलाल सोहेल ने बताया कि इंचार्ज हिमांशु खन्ना द्वारा प्रस्तावित इस प्रॉजेक्ट में श्रमदान करते हुए टीम द्वारा विद्यालय के फर्नीचर की रिपेयर की गई। विद्यालय के मुख्याध्यापक जयपाल शर्मा व विद्यालय इंचार्ज रजनी शर्मा सहित स्टाफ ने पूरा सहयोग दिया।

## समाधान शिविरों में आई 7085 शिकायतों में से 4870 का हुआ समाधान

# समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरतने वालों पर लिया जाएगा एक्शन

25 दिसंबर सुशासन दिवस पर परफॉर्मेंस के आधार पर विभागों को दिया जाएगा गुड या बैड सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिले के नागरिकों द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सीधे दी गई शिकायतें, समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं और अन्य पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों व समस्याओं के समाधान करने में अधिकतर विभाग ढील बरत रहे हैं। सभी विभाग 25 दिसंबर तक इन शिकायतों का समाधान करना सुनिश्चित करे। ऐसा नहीं करने वाले विभागों पर एक्शन रिप्लाई किया जाएगा। इसके साथ ही सुशासन दिवस पर परफॉर्मेंस के आधार पर ही गुड या बैड सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर, एसएमजीटी, सीपीग्राम, जन संवाद, सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिला कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में 7085 शिकायतें प्राप्त हुई, इनमें से 4870 शिकायतों का समाधान हुआ, 1637 शिकायतें रद्द की गई, 259 शिकायतों का समाधान किया जा रहा और 300 शिकायतें दोबारा से ओपन की गई हैं। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों के समाधान में 100 में से 72.35 अंकों के साथ प्रदेश में 6वें स्थान पर हैं। सीएम विंडो पर अभी तक जिले में 11853 शिकातयें प्राप्त हुई हैं, इनमें से पेंडिंग 186 शिकायतों का समाधान किया जा रहा है जबकि 139 शिकायतें ओवरडयू चल रही हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र सीएम सिटी है। यहां की रिपोर्ट सीधे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जा रही है। ऐसे में सभी अधिकारी समस्याओं के समाधान को गंभीरता से लेते हुए निपटान करें। शिकायतकर्ता की सुनवाई करते हुए उसे संतुष्ट करे। इसके साथ ही जिन समस्याओं का समाधान हो जाए उनकी एटीआर रिपोर्ट बनाकर पोर्टल पर अपलोड करें।

### मुख्यमंत्री को सीधे दी जाने वाली शिकायतें जनसंवाद पोर्टल होती है अपलोड

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को किसी भी कार्यक्रम या चंडीगढ़ जाकर मिलकर दी जाने वाली शिकायतों को जनसंवाद पोर्टल पर चढ़ाया जाता है। जनसंवाद पोर्टल पर 442 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 166 शिकायतें के समाधान की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है जबकि 103 शिकायतें ओवरडयू हैं। उन्होंने कहा कि जनसंवाद पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का विभाग हेड स्वयं शिकायतकर्ता को बुलाए। उसकी समस्याओं को जानें और उनका समाधान करें, जिन शिकायतों का समाधान होना संभव न हो, उसकी उपायुक्त से रिपोर्ट बनाकर पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि सीपीग्राम पोर्टल और एसएमजीटी पोर्टल पर 119 शिकायतें पेंडिंग हैं।

### डीडीपीओ और एलडीएम लगाएंगे विशेष शिविर

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि नगर परिषद, डीडीपीओ कार्यालय, एलडीएम सहित जिन विभागों की पेंडेंसीज ज्यादा है वो विभाग समयबद्ध शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करें। नगर परिषद और एलडीएम ने शनिवार को विशेष शिविर लगाकर इन शिकायतों का समाधान करने किया जाएगा। इसके साथ ही डीडीपीओ कार्यालय द्वारा जिन अधिकारियों के साथ शिकायतों समाधान होनी है उनसे संपर्क करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम पिहोवा अनिल दून, सीईओ जिला परिषद शंभू राठी, नगराधीश आशीष कुमार, डीएसपी सुनील, जीएम रोडवेज शेर सिंह, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



लाडवा। जानकारी देते मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी।

## सीएम सैनी के आदेश पर गैस प्लांट रिपेयर का कार्य दिन-रात चलेगा

■ 21 दिसंबर से मिलेगी गैस सिलेंडर सप्लाई : कैलाश सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा के नागरिकों को 21 दिसंबर से गैस सिलेंडर की सप्लाई निरंतर मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश के बाद गैस प्लांट रिपेयर का कार्य दिन-रात चल रहा है। आज शहर में गैस सिलेंडर की दो गाड़िया भेजी गई और प्लांट रिपेयर के कार्य को जल्द खत्म करते हुए इस समस्या का स्थान समाधान 21 दिसंबर तक निकाला जाएगा। प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि पिछले कई दिनों से लाडवा के नागरिकों की तरफ से गैस सिलेंडर ना मिलने की समस्याओं की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। इस बारे में लाडवा में स्थित दोनों गैस एजेंसियों से संपर्क करने पर पता चला कि पंजाब स्थित बठिंडा के प्लांट से सप्लाई नहीं आ रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विधानसभा के नागरिकों की इस समस्याओं से अवगत करवाया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गैस प्लांट में संपर्क किया। जहां पर रिपेयर का कार्य चल रहा है, जो आगामी कई दिनों तक चलने वाला था, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रिपेयर टीम डबल करवाते हुए रिपेयर कार्य दिन-रात करते हुए 20 दिसंबर तक खत्म करवाने के निर्देश दिए। जिसको मानते हुए प्लांट ने इसका पालन किया और 21 दिसंबर को पहले की तरह लाडवा में सप्लाई दिए जाने का आश्वासन दिया। प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा के नागरिकों के लिए शुक्रवार को दो गाड़ियां गैस सिलेंडर की भेजी गई।

## ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में निजी स्कूलों में ध्यान योग का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग के कर्मठ चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य के निदेर्शानुसार उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की प्रेरणा से जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक, सहायक मौलिक शिक्षा अधिकारी हरीश शर्मा व जिला आयुष अधिकारी डॉ मंजू शर्मा के प्रयास से जिला के सभी खंडो के विभिन्न विद्यालयों में 17 से 24 दिसंबर तक ध्यान योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसी श्रृंखला में सहायक शिक्षा अधिकारी जसबीर सिंह, आयोग के वाइस चेयरमैन डॉ रोशन लाल, आयोग के सदस्य डॉ मनीश कुकरेजा, आयुष विभाग, कुरुक्षेत्र के जिला योग समन्वयक डॉ जागीर सिंह, आयोग द्वारा गठित जिला योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संवर्धन समिति के सचिव एवं भारतीय योग संस्थान, हरियाणा के प्रांतीय संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर के कुशल प्रबंधन में शिक्षा विभाग से राजेश व प्रमोद, सुमित व जसप्रीत, किरण कुमार व नवीन तथा अमित, नसीब सैनी, राजेंद्र व सतीश के नेतृत्व में ध्यान योग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन जिला के निपुण डीपीई/पीटीआई द्वारा आज थानेसर खंड के तिगरी, समसीपुर, किशनपुरा, गांधीनगर, मिजार्पुर, दौलतपुर, किशनगढ़, जोगन खेड़ा, गोविंद माजरा, ठोल इत्यादि, लाडवा खंड में खैरी, बोडला, बड़ौंदा, प्रहलादपुर में लगाए योग शिविर।

### योग करके दूर कर सकते हैं तनाव

**कुरुक्षेत्र।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि वाई ब्रेक तनाव को कम करता है। यह 5 मिनट का योग प्रोटोकॉल है, जो आप कुर्सी पर बैठकर या खड़े होकर हल्के सूक्ष्म व्यायाम और प्राणायाम एवं ध्यान के द्वारा कर सकते हैं। सभी विभागों में योग ब्रेक की प्रशंसा की जा रही है ताकि अधिकारी कर्मचारियों को तनाव के साथ-साथ कार्य क्षमता में भी बढ़ोतरी की जा सके। हरियाणा सरकार एवं आयुष निदेशालय पंचकूला एवं हरियाणा योग आयोग के निदेर्शानुसार एवं जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा के नेतृत्व में आज जिला कुरुक्षेत्र में शुक्रवार को लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र में एवं ब्लॉकों में जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कुरुक्षेत्र, चुनाव कार्यालय पर योग ब्रेक का आयोजन किया गया।

## सीएम नायब और सांसद जिंदल के प्रयासों से प्रदेश की मिट्टी से निकलेंगे नए खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



शाहबाद। खिलाड़ियों का परिचय लेकर हॉकी मैच की शुरूआत करते सुभाष कलसाना। फोटो : हरिभूमि

मारकंडेश्वर हॉकी स्टेडियम में लोकसभा स्तरीय तीसरे सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। इस खेल महोत्सव की शुरूआत भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर एवं उनका उत्साहवर्धन कर की। कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और कार्यकतार्ओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान नगरपालिका के पूर्व प्रधान बलदेव राज चावला और पूर्व प्रधान सुदर्शन कक्कड़ भी मौजूद रहे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सुभाष कलसाना ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। उनका स्पष्ट लक्ष्य है कि देश का हर युवा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर खेलों में अपनी ऊर्जा लगाए और स्वस्थ भारत के निर्माण में भागीदार बने। सुभाष कलसाना ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की सकारात्मक और दूरदर्शी खेल नीतियों के कारण आज हरियाणा देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर भी अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। खेल महोत्सव के दौरान जिंदल हाउस की ओर से प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।



कुरुक्षेत्र। आसमान में छाई धुंध। फोटो : हरिभूमि

### ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे लोग

**कुरुक्षेत्र।** ठंड ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। शुक्रवार को दोपहर तक धुंध रहने से आम जनजीवन प्रभावित रहा। पारा लुढ़क गया है। ऐसे में जीव जंतु से लेकर आम नागरिक गंभीर से परेशान दिख रहे है। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे है। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। धुंध का असर जीटी रोड पर भी देखने को मिला। धुंध के कारण वाहन रेंगरेंग कर चलते नजर आए। धुंध के कारण वाहन चालक दिन में ही लाईटें जलाकर चलते देखे गए। दोपहर करीब एक बजे सूर्य ने बादलों से बाहर निकल लोगों को राहत दी। सुबह कामकाज पर जाने वाले व ऑफिस जाने वाले लोगों को खासी परेशानी हुई। शाम होती ही सड़के वीरान हो गई और लोग घरों में दुबक गए। ठंड के कारण कई लोग जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। धुंध के कारण मार्किट में ग्राहकों के न होने से दुकानदार भी मायूस नजर आए। कोहरे के कारण कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेने अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची, जिसके कारण यात्रियों को ठंड में परेशानी का सामना करना पड़ा।

## कुशल बिजनेस चैलेंज प्रतियोगिता विकसित भारत की ओर एक बढ़ता कदम : इंदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना संयोजिका इंदू कौशिक ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सार्थक पहल कुशल बिजनेस चैलेंज प्रतियोगिता का शिक्षा विभाग हार्दिक स्वागत एवं धन्यवाद करता है, क्योंकि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चे स्वरोजगार के लिए प्रेरित होंगे तथा शिक्षा के साथ-साथ अपना रोजगार भी कर सकेंगे। इसमें वह और अधिक व्यक्तियों को अपने रोजगार में शामिल करेंगे। इसके साथ ही साथ अन्य व्यक्तियों को भी इससे रोजगार मिलेगा। इससे प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ेगी। इस प्रकार इस योजना से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत के संकल्प को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रतियोगिता में बच्चों के बिजनेस आइडिया को समृद्ध करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा कई व्यवसायी संगठन की सहायता भी ली जा रही है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना संयोजिका इंदू कौशिक शुक्रवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 13 कुरुक्षेत्र में आयोजित जिला जिला स्तरीय कुशल बिजनेस चैलेंज प्रतियोगिता फेज 2 के उदघाटन में बोल रही थी। सहायक परियोजना संयोजक क्रांति चावला ने बताया कि इस दूसरे चरण से सर्वश्रेष्ठ तीन टीम का चुनाव किया जाएगा। हर टीम को 20,000 रुपये की राशि उसके बिजनेस आइडिया को समृद्ध करने के लिए दी जाएगी। इस अवसर पर समग्र शिक्षा कार्यालय से सहायक परियोजना संयोजक राजेश कुमार, जिला समन्वयक अलका मेहता, तकनीकी समन्वयक रीना, कार्यक्रम अधिकारी आदि मौजूद रहे।



### गुरुद्वारा गुरशरण साहिब में गुरमति समागम 25 से

हरिभूमि न्यूज. पिहोवा। गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादे और माता गुजर कौर जी के शहीदी दिवस को समर्पित गऊशाला रोड गुरुद्वारा गुरशरण साहिब में गुरमति समागम का आयोजन किया जाएगा। गुरुद्वारा मुखी ज्ञानी वरयाम सिंह ने बताया कि 25 से 27 दिसम्बर तक किया जाएगा। जिसमें रोजाना शाम के समय विशेष कीर्तन दीवान सजाए जाएंगे। समागम में पंथ प्रसिद्ध प्रचारक रागी जत्थे व कथावाचक संगत को गुरू साहिब के परिवार व अन्य सिखों द्वारा दी गई शहादतों का इतिहास श्रवण करवाएंगे। एचएसजीपीसी के पूर्व सदस्य जत्थेदार सतपाल सिंह रामगढ़िया ने कहा कि शहीदी पन्द्रवाड़ा चल रहा है। इन दिनों में गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों और माता गुजरी कौर की याद में सिख समाज द्वारा कोई खुशी नहीं मनाई जाती। इसलिए इन दिनों में जो समागम जो रहे है। उनमें किसी को सम्मानित नहीं किया जाना चाहिए और न ही सिरोपा देना चाहिए। सिख मिशन हरियाणा के इंचार्ज सुखविंदर सिंह ने बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से हरियाणा में शहीदी दिवस को समर्पित गुरमति कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को बताया जा रहा है कि किस प्रकार से चार साहिबजादों ने छोटी उम्र में जुल्म के विरुद्ध लड़ते हुए शहादत दी।

## कुवि में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर ऐतिहासिक पहल: प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण एवं सुसाइड रोकथाम उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, ने एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम उठाया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी हालिया दिशा-निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। इस प्रकोष्ठ का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना, तनाव व अवसाद जैसी समस्याओं से उबारना तथा उन्हें समय पर उचित परामर्श एवं सहयोग उपलब्ध कराना है। इस संबंध में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता प्रकोष्ठ का पोस्टर जारी करते हुए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता हेल्पलाइन नंबर 7082113150 का औपचारिक शुभारंभ किया। यह हेल्पलाइन चौबीसों घंटे सक्रिय रहेगी, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय एवं इसके परिसरों के विद्यार्थी भावनात्मक संकट, मानसिक तनाव या किसी भी मनोवैज्ञानिक समस्या के समय तुरंत सहायता, मार्गदर्शन एवं आवश्यक परामर्श प्राप्त कर सकेंगे।

### प्रदर्शनी विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने का माध्यम

# पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी में अनीता रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी-2025 का भव्य आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने सहभागिता की। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच और पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान, नवाचार की प्रेरणा तथा सतत विकास के सिद्धांतों की गहरी समझ प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अनुसंधान प्रवृत्ति और समस्या समाधान क्षमता को सशक्त बनाते हैं। विनोद कौशिक ने सभी विद्यालयों को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय, करनाल के जीव प्राणी शास्त्र विभाग के प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार वत्स, वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो. डॉ. रणजीत सिंह तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. राजकमल ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया । जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी तथा अन्य विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह के रूप में किट प्रदान की। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनी के प्राचार्य राजेश सैनी, रामेश्वर दास, अरविंद कुमार, राजेंद्र कुमार, डॉ. सविता, जय प्रीत, निधि शर्मा, सुमन गौतम, नीरज आश्री, अतुल कुमार शर्मा सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### निर्णायक मण्डल ने विद्यार्थियों के मॉडल्स को सराहा

निर्णायक मण्डल ने विद्यार्थियों के मॉडलों का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए उनके नवाचार की सराहना की और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि प्रदर्शनी में 20 जिले के प्रथम स्थान पर चयनित विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पंचकुला तथा फरीदाबाद के विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि राज्य स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नांगल चौधरी की विद्यार्थी अनीता ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद की विद्यार्थी सिमरन को मिला तथा तृतीय स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चिढ़ाव करनाल की विद्यार्थी पालक ने प्राप्त किया।

